फर्द अहकाम
(नियम 26)

2020/00346

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी/अपीलांट — बनाम — अप्रार्थी/रेस्पोडेन्ट

श्री ललित मेघवाल पुत्र श्री मन्छाराम
जाति मेघवाल
निवासी पुरानी बस्ती नई टंकी के पास सुमेरपुर
जिला पाली।

सरकार जरिये लोक सूचना अधिकारी
अधिशाषी अधिकारी शिवगंज

किस्म मुकदमा– **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005**

मुकदमा नं. 60 वर्ष 2020

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
24.09.2020	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक सूचना अधिकारी अधिशाषी अधिकारी शिवगंज को दिनॉक 11.08.2020 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि खसरा संख्या 175 व क्षेत्रफल 4.01 में बने सम्पूर्ण पट्टों की फाईल/पत्रावली की प्रतिलिपि से सम्बन्धित सूचना लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था । किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं । मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है । अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी अधिशाषी अधिकारी शिवगंज को दिनॉक 11.08.2020 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि खसरा संख्या 175 व क्षेत्रफल 4.01 में बने सम्पूर्ण पट्टों की फाईल/पत्रावली की प्रतिलिपि से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करवाई जावे। चूंकि अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका शिवगंज के अपील अधिकारी जिला कलक्टर नहीं हैं। अतः अपीलांट की अपील खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो । (भगवती प्रसाद) **जिला कलक्टर, सिरोही** Signature Not Verified Digitally signed by Bhagwati Prasad Kalal Date: 2021.01.12 16:53:26 IST Reason: SelfAttested	

Scanned with CamScanner